(ग) क्या सरकार तकनीकी कर्मचारियों की केवल तकनीकी पदों पर और गैर-तकनीकी कर्मचारियों को केवल गैर-तकनीकी पदों पर नियुक्त करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (घ) कर्मचारियों की तैनातियां प्रशासनिक सहूलियतों के आधार पर सामान्यतया भर्ती नियमों के अनुरूप ही की जाती हैं ।

गुजरात में "पे फोन" कनेक्शन

1889. श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में "पे फोन" कनेक्शन आवंटित किये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो अनुसूचित जातियों, विकलांगों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों को किन-किन स्थानों पर कनेक्शन दिये गये हैं ;

(ग) क्या इन टेलीफोन कनेक्शनों के आवंटन के संबंध में कोई अनियमितताएं पायी गई हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) गुजरात में सिक्के डालकर चलने वाले विभागीय फोन काम कर रहे हैं। सिक्के/कार्ड से चलने वाला कोई पे-फोन किसी भी निजी पार्टी को आवंटित नहीं किया गया है । निजी पार्टियों को फ्रेन्चाइज किये जाने वाले एस. टी.डी. युक्त सार्वजनिक फोन आवंटित करते समय, अनुसूचित जाति, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों को प्राथमिकता दी जाती है बशर्ते कि वे पात्रता की निर्धारित शर्तें पूरी करते हों । यह प्राथमिकता उन सभी स्थानों पर दी जाती है जहां एस टी डी युक्त सार्वजनिक फोन फ्रेंचाइज किये जाते हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Commisonig of electronic boards in telephone exchanges in Andhra Pradesh

1890. SHRI K. M. KHAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether some electronic boards have been commissioned in Telephons exchanges in Andhra Pradesh during the last three calendar years;

(b) if so, the details thereof, districtwise during each year and if not, the reasons therefor;

(c) whether some electronic boards set up in Andhra Pradehs during 1994 till June have not been commissioned;

(d) if so, the names of such places, district-wise with reasons therefor;

(e) whether Government propose to set up electronic boards during next two calendar years viz. 1995 and 1996 in Andhra Pradesh; and

(f) if so, names ot places, district-wise selected and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir.

(b) The district-wise details during .each year are given in Statement-I (See below)

(c) Yes, Sir.

(d) Details are given in Statement-II (See below).

it) Yes, Sir.

(f) About 200 nos. of Electronic Tele phone exchanges have been planned- for setting up new exchanges and expansions during the years 1995, 1996. Exact loca tions will be identified in the fourth quarter of 1994-95 after Budget is made available subject to the availability of registered demand of waiting list, funds, equipment and other resources.